भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1621
उत्तर देने की तारीख : गुरूवार, 03 अगस्त, 2023
12 श्रावण, 1945 (शक)

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आईआईटीजीएन) में पुरातत्व पीठ की स्थापना
1621. **श्री कार्तिकेय शर्मा**:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आईआईटीजीएन) में विशेष रूप से हड़प्पा/सिंधु/सिंधु-सरस्वती सभ्यता को ध्यान में रखते हुए पुरातत्व पीठ की स्थापना करने के पीछे मुख्य प्रेरणा क्या है और सरकार इस पहल के माध्यम से इस प्राचीन सभ्यता के प्रति समझ को किस प्रकार बढ़ाना चाहती है;

(ख) हड़प्पा/सिंधु/सिंधु-सरस्वती सभ्यता के संबंध में आईआईटी गांधीनगर की पुरातत्व पीठ के अंतर्गत विद्वानों द्वारा जिन शोध विषयों पर गहन अध्ययन किया जाएगा उनका संक्षिप्त विवरण क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने आईआईटी गांधीनगर में पुरातत्व पीठ की स्थापना के संबंध में इस पुरातत्व पीठ पहल से जुड़े विद्वानों का मार्गदर्शन करने और उन्हें सलाह देने के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरातत्वविदों, इतिहासकारों और इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ सहयोग किया है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर में पुरातात्विक पीठ की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य पुरातत्व, भौतिक विज्ञान, रसायन, सिविल इंजीनियरी, भू-विज्ञान, इमेज प्रोसेसिंग आदि विषयों में शिक्षा, अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता और नेतृत्व संवर्धन करना है।

(ग) : जी, हां। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर स्थित पुरातात्विक विज्ञान केंद्र की स्थापना दिसंबर, 2012 में हुई थी जहां बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरातत्वविदों के साथ व्यापक विचार-विमर्श, परामर्श और सहयोग किया जाता है।

*****